अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

12 MARCH 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams



Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **दांडी यात्रा : 12 मार्च**



- दांडी यात्रा या नमक सत्याग्रह, महात्मा गांधी के नेतृत्व में औपनिवेशिक भारत में अहिंसक सविनय अवज्ञा का एक कार्य था।
- चौबीस दिवसीय मार्च 12 मार्च 1930 से 6 अप्रैल 1930 तक ब्रिटिश नमक एकाधिकार के खिलाफ कर प्रतिरोध और अहिंसक विरोध के प्रत्यक्ष कार्रवाई अभियान के रूप में चला।
- इसे नमक आंदोलन या नमक सत्याग्रह के नाम से भी जाना जाता है।
- नमक आंदोलन की शुरुआत महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश लोगों के खिलाफ की थी जो भारत में नमक कर लेकर आये थे।
- इस ऐतिहासिक सत्याग्रह में महात्मा गांधी समेत 78 लोगों के द्वारा अहमदाबाद साबरमती आश्रम से समुद्रतटीय गांव दांडी तक पैदल यात्रा की जो 390 किलोमीटर की थी।
- गांधी जी ने आज के दिन नमक हाथ में लेकर कहा था कि इसके साथ मैं ब्रिटिश साम्राज्य की नींव को हिला रहा हूं।

2. **लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में 96वें ऑस्कर अवॉर्ड का ऐलान हो गया**




- लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में (11 मार्च को) 96वें ऑस्कर अवॉर्ड का ऐलान हो गया है।
- सेरेमनी में ओपेनहाइमर ने बेस्ट फिल्म समेत कुल सात अवॉर्ड अपने नाम किए।
- किलियन मर्फी बेस्ट एक्टर, क्रिस्टोफर नोलन बेस्ट डायरेक्टर बने।
- ऑस्कर 2024 में तीन बार दिखी RRR की झलक ऑस्कर सेरेमनी में दुनियाभर की फिल्मों के बेहतरीन स्टंट सींस वाली एक एडिटेड क्लिप दिखाई गई जिसमें RRR का एक एक्शन सीन दिखाया गया।

3. **जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह मध्यप्रदेश के नए लोकायुक्त होंगे**



- जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह मध्यप्रदेश के नए लोकायुक्त होंगे
- जस्टिस सत्येंद्र कुमार सिंह मौजूदा लोकायुक्त नरेश कुमार गुप्ता की जगह लोकायुक्त का प्रभार संभालेंगे
- मध्य प्रदेश लोकायुक्त की स्थापना 1981 में की गई थी
- लोकायुक्त का कार्यकाल 5 साल होता है
- लोकायुक्त किसी राज्य में भ्रष्टाचार विरोधी संस्था है
- लोकायुक्त और उप-लोकायुक्त की नियुक्ति राज्य के राज्यपाल द्वारा की जाती है

4. **देश में नागरिकता संशोधन कानून लागूः नोटिफिकेशन जारी**




- केंद्र सरकार ने सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट यानी CAA का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।
- इसके साथ ही यह कानून देशभर में लागू हो गया है।
- CAA को हिंदी में नागरिकता संशोधन कानून कहा जाता है।
- इससे पाकिस्तान, बांग्लादेश अफगानिस्तान से आए गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो गया है।
- **1. किसे मिलेगी नागरिकता :**
- 31 दिसंबर 2014 सेपहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिकआधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध,जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी।

- इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिएआवेदन कर सकेंगे।
- **2. भारतीय नागरिकों पर क्या असरः**
- भारतीय नागरिकों से CAA का कोई सरोकार नहीं है।
- संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है।
- CAA या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

**5. जयपुर के SMS अस्पताल में लगी हाईटेक मशीन**




- जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में अब मरीजों की बेडशीट से लेकर डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की यूनिफॉर्म पूरी तरह बैक्टीरिया रहित होगी और व्यवस्थित रूप से मिलेगी।
- इसके लिए अस्पताल में एशिया की पहली ऐसी लांड्री लगाई गई है, जिसमें सिर्फ गंदे कपड़े डाले जाएंगे और वे ना केवल धुलेंगे बल्कि प्रेस होकर निकलेंगे।
- इसके बाद अस्पताल के मरीजों और स्टाफ को बेडशीट व अन्य यूनिफार्म दी जाएंगी।

**6. संतोष ट्रॉफी 2023-24 का खिताब सर्विसेज ने जीता**




- उपविजेता – गोवा
- टॉप गोल स्कोरर - फिजाम सनाथोई मेइतेई (मणिपुर - 9 गोल)
- सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी - समीर मुर्मू (सर्विसेज)
- सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर - सयाद बिन अब्दुल कादिर (सर्विसेज)
- संतोष ट्रॉफी फुटबॉल से संबंधित है
- संतोष ट्रॉफी 2023-24 का आयोजन अरुणाचल प्रदेश में किया गया थायह संतोष ट्रॉफी का 77वां संस्करण था
- विजेता – सर्विसेज

**7. PM नरेंद्र मोदी ने असम में अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया**



- PM नरेंद्र मोदी ने असम के जोरहाट में अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया है
- इस प्रतिमा का नाम स्टैच्यू ऑफ वेलर (वीरता की प्रतिमा) है
- प्रतिमा 'राम वनज्री सुतार' द्वारा बनाई गई है
- इस प्रतिमा की ऊंचाई 84 फुट है और यह 41 फुट की चौकी पर स्थापित की गई है जिससे इस प्रतिमा की ऊंचाई 125 फुट हो गई है
- अहोम साम्राज्य का शासन असम पर रहा है
- लचित बोरफुकन, अहोम साम्राज्य (1228-1826) के एक महान सेनापति थे
- अहोम साम्राज्य की स्थापना 1228 में हुई थी
- उन्हें 1671 की 'सरायघाट की लड़ाई' में उनके नेतृत्व के लिए जाना जाता है

**8. पीएम मोदी ने सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की**



- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग को देश को समर्पित किया है, जिसके नए मार्ग से तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास आगे के क्षेत्रों में हथियारों, सैनिकों और उपकरणों की तेजी से तैनाती हो सकेगी।
- सुरंग का निर्माण सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा 825 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह 13,000 फीट से ऊंची दुनिया की सबसे लंबी ट्विन-लेन सुरंग है।
- सुरंग से तवांग की यात्रा का समय कम से कम एक घंटा कम हो जाएगा और साथ ही हर मौसम में कनेक्टिविटी भी मिलेगी।

- अधिकारियों ने कहा कि सेला सुरंग न केवल देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ावा देगी बल्कि क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देगी।

**9. बिचोम अरुणाचल प्रदेश का 27वां जिला बन गया**



- पश्चिम और पूर्वी कामेंग से अलग होकर बना बिचोम, अरुणाचल प्रदेश का 27वां जिला बन गया।
- इस साल फरवरी में, राज्य विधानसभा ने बिचोम और केई पन्योर जिलों के निर्माण के लिए अरुणाचल प्रदेश (जिलों का पुनर्गठन) (संशोधन) विधेयक, 2024 पारित किया।
- पश्चिम कामेंग के कुल 27 गाँव और पूर्वी कामेंग के 28 गाँवों को बिचोम जिले का हिस्सा बनाया गया।
- **अरुणाचल प्रदेश के बारे में**
- स्थापित: 20 फरवरी 1987
- राजधानी – ईटानगर
- मुख्यमंत्री - पेमा खांडू
- राज्यपाल – एलजी (सेवानिवृत्त) कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक

**10. राजेंद्र प्रसाद गोयल ने एनएचपीसी लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार संभाला**




- एनएचपीसी के निदेशक (वित्त) राजेंद्र प्रसाद गोयल ने भारत की प्रमुख जलविद्युत कंपनी और भारत सरकार की अनुसूची 'ए' उद्यम एनएचपीसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाला है।
- गोयल 18 नवंबर 1988 को वित्त पेशेवर के रूप में एनएचपीसी में शामिल हुए और उन्होंने कंपनी के प्रति जिम्मेदारी, नैतिकता और समर्पण की अत्यधिक भावना के आधार पर पेशेवर सीढ़ी चढ़ी है।
- उनके पास एनएचपीसी में वित्त के मुख्य क्षेत्रों में 35 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव है, साथ ही उन्हें जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण और संचालन में शामिल वित्तीय, संविदात्मक और नियामक मुद्दों की गहन समझ है।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. दांडी यात्रा कब शुरू हुई थी?**
(a) 09 मार्च
(b) 10 मार्च
(c) 11 मार्च
(d) 12 मार्च

**2. ऑस्कर अवार्ड 2024 का आयोजन किस शहर में किया गया?**
(a) लॉस एंजिलिस
(b) लिकटेंस्टीन
(c) स्विट्ज़रलैंड
(d) नॉर्वे

**3. सत्येंद्र कुमार सिंह किस राज्य के लोकायुक्त बने हैं?**
(a) छत्तीसगढ़
(b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश
(d) हरियाणा

**4. देश में पिछला नागरिकता संशोधन कानून कब लागू किया गया था?**
(a) 2018
(b) 2020
(c) 2019
(d) 2016

**5. Asia की पहली हाईटेक लॉन्ड्री कहां शुरू की गई है?**
(a) Indus Hospital Jaipur
(b) Mahatma Gandhi Hospital
(c) SMS hospital Jaipur
(d) None of these

**6. संतोष ट्रॉफी 2023-24 का खिताब किसने जीता है?**
(a) सर्विसेज
(b) गोवा
(c) कर्नाटक
(d) केरल

**7. पीएम मोदी ने किस राज्य में लचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया है?**
(a) त्रिपुरा
(b) असम
(c) मेघालय
(d) नागालैंड

**8. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किस राज्य में सेला सुरंग का उद्घाटन किया है?**
(a) त्रिपुरा
(b) सिक्किम
(c) उत्तराखंड
(d) अरुणाचल प्रदेश

**9. बिचोम किस राज्य का 27वां जिला बन गया है?**
(a) त्रिपुरा
(b) सिक्किम
(c) असम
(d) अरुणाचल प्रदेश

**10. NHPC लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) राजेंद्र प्रसाद गोयल
(b) मनीष प्रसाद
(c) प्रमोद शर्मा
(d) परमिंदर चोपड़ा

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (d) | (a) | (c) | (c) | (c) | (a) | (b) | (d) | (d) | (a) |